राजस्थान सरकार

निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर ।

क्रमांक एफ20(101)योजना भिन्न/लेखा/बजट/निकाशि/11–12/1191-1336 दिनांक – 15/11/11

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान
समस्त सहायक निदेशक,
क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान

विषय :– विभागीय बेबसाईट www.collegeeducation.rajasthan.gov.in को देखने बाबत ।

महोदय,

प्रायः यह देखने में आया है कि निदेशालय कालेज शिक्षा, राजस्थान के नियंत्रणाधीन महाविद्यालयों/ कार्यालयों द्वारा विभागीय बेबसाईट www.collegeeducation.rajasthan.gov.in को प्रतिदिन नहीं देखा जा रहा है, जिससे विभागीय बेबसाईट पर अपलोड किये गये आवश्यक निर्देशों/ प्रपत्रों/ अन्य पत्रों में मांगी जाने वाली सूचना समय पर प्राप्त नहीं होती है ।

अतः समस्त महाविद्यालयों/ कार्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि विभागीय बेबसाईट को दिन में कम से कम दो बार आवश्यक रूप से देखा करें ।

निदेशालय द्वारा बेबसाईट पर जारी किये गये आदेश/ प्रपत्र में मांगी गई सूचना आवश्यक प्रवृति की होती है । अतः समस्त महाविद्यालय डाउनलोड किये गये पत्रों की (प्रत्येक पत्र) प्रिन्ट निकाल कर फाईल संधारित करें ।

दिनांक 2.11.2011 को वित्त विभाग द्वारा जारी पी.डी.खाते से सम्बन्धित एक परिपत्र भेजा गया था, जिसकी पालना सुनिश्चित कर ली होगी । यदि पालना अभी तक सुनिश्चित नहीं की गई है तो शीघ्र करे एवं पी.डी. खाते से सम्बन्धित सूचना निम्नाकित प्रपत्र में भिजवा कर लेखा शाखा के फैक्स नम्बर 0141–2703897 पर दिनांक 21.11.11 तक आवश्यक रूप से प्रेषित करावे। **इस बात का विशेष ध्यान रखा जावें कि राशि हजारो में लिखी जानी है ।**

प्रपत्र संख्या 5

(अ) पी.डी. खातों में हस्तान्तरित राशि एवं उसके उपयोग की स्थिति का विवरण

(रूपये सहस्त्रों में)

क्र. सं.	निजी निक्षेप खाता संख्या जिसमें राशि स्थानान्तरित की जाती है	खाते का नाम	कोषालय का नाम	विभागीय/ गैर विभागीय	1.4.11 को प्रारम्भिक शेष राशि (सहस्त्रों मे)	2011–12			दिनांक 31.8.11 को शेष (6+8-9) (रूपये सहस्त्रों में)
						पूर्ण शीर्ष जिसमें राशि हस्तान्तरित की गई है	हस्तान्तरित राशि (रूपये सहस्त्रों में)	दिनाक 31.8.11 तक व्यय राशि (रूपये सहस्त्रों में)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

भवदीय

(सुबीर कुमार)
निदेशक
कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ।